नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में किसानों को डेयरी उद्यमिता विकास योजना पर कार्यशाला सम्पन्न

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं नावार्ड के संयुक्त तत्वाधान में डेयरी उद्यमिता विकास योजना संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके तहत किसानों को डेयरी उद्यमिता के लिये ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन करना, सब्सिडी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी ने कार्यशाला में सहभागिता कर रहे फार्मर फस्ट प्रोजेक्ट के तहत विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गॉवों के कृषकों को अपनी आय में वृद्धि में लिये खेती के साथ साथ डेयरी एवं अन्य सह व्यवसायों को अपनाने पर महत्वपूर्ण जानकारी दी और नावार्ड के सहायक प्रबंधक जिला विकास संदीप धारकर द्वारा किसानों को डेयरी उद्यमिता से संबंधित योजनाओं हेतु दी जाने वाले ऋण पर अनुदान की क्रमबद्ध तरीके से जानकारी उपलब्ध कराई गई इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख बैकों के उच्चाधिकारियों सहित फार्मर फर्स्ट प्रोजेक्ट द्वारा अंगीकृत ग्राम पड़रिया, सिलुआ, घाना, कैलवास, छत्तरपुर के दर्जनों कृषक उपस्थित रहे। नाबार्ड को, बैंक के अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के अधिकारी डॉ. परमार, डॉ. साहनी, डॉ. सलिल जैन, डॉ. बघेल और डॉ. पाण्डे आदि उपस्थित थे।